दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 18 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प को स्पष्ट रूप से कहा–पाकिस्तान के साथ हाल में हुई सैन्य कार्रवाई को रोकने में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी।

02. केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने की घोषणा– पंद्रह अगस्त से तीन हजार रुपये में एक साल के लिए मिलेगा फास्टटैग–आधारित वार्षिक पास। निजी गाड़ियां दो सौ बार टोल क्रॉस कर सकेंगी।

03. निगरानी की बड़ी कार्रवाई – रोहतास में बिक्रमगंज के बीईओ और लेखा सहायक तथा शिवहर में जिला भू–अर्जन विभाग का लिपिक रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार।

04. और, प्रदेश के कई इलाकों में मानसून का प्रभाव। मौसम विभाग का पूर्वानुमान आज पश्चिम चंपारण, पटना, जहानाबाद, औरंगाबाद और नालंदा जिले में कई स्थानों पर होगी बारिश।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प से जोर देकर कहा है कि पाकिस्तान के साथ मामले सुलझाने में भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया और आगे भी नहीं करेगा। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस संबंध में जानकारी दी।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से कहा कभी भी किसी भी स्तर पर भारत अमेरिका ट्रेड डील या अमेरिका द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता जैसे विषयों पर बात नहीं हुई थी। सैन्य कार्यवाही रोकने की बात सीधे भारत और पाकिस्तान के बीच दोनों सेनाओं की म•पेजपदह बींददमसे के माध्यम से हुई थी, और पाकिस्तान के ही आग्रह पर हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत ने न तो कभी मध्यस्थता स्वीकार की थी, न करता है, और न ही कभी करेगा।

विदेश सचिव ने बताया है कि टेलीफोन पर बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ ऑपरेशन सिंदूर के बारे में चर्चा की।

–––बाइट–––

राष्ट्रपति ट्रम्प के आग्रह पर आज दोनों लीडर्स की फोन पर बात हुई। बातचीत लगभग 35 मिनट चली। धानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से कहा कि 6–7 मई की रात को भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर में सिर्फ़ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया था। भारत के एक्शन बहुत ही मेजर्ड, प्रीसाइज, और नॉन–एस्केलेट्री थे।

श्री मिसरी ने कहा कि बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने दोहराया कि भारत अब आतंकवादी कृत्यों को छद्म कार्रवाई नहीं, बल्कि युद्ध की कार्रवाई मानेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लडाई के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

———बाइट———

राष्ट्रपति ट्रम्प ने प्रधानमंत्री द्वारा बताई गई बातों को समझा और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लडाई के प्रति समर्थन व्यक्त किया। इंडो–पेसिफिक क्षेत्र के संबंध में दोनों नेताओं ने अपने परिपेक्ष्य साझा किये और इस क्षेत्र में क्वाड की अहम भूमिका के प्रति समर्थन जताया।

विदेश सचिव ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को भारत आने का निमंत्रण दिया है।

———बाइट———

क्वाड की अगली बैठक के लिए, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को भारत यात्रा का निमंत्रण दिया। राष्ट्रपति ट्रम्प ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि वे भारत आने के लिए उत्सुक हैं।

---

केंद्र सरकार इस वर्ष पंद्रह अगस्त से राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा सुगम बनाने के लिए तीन हजार रुपये की कीमत वाले फास्टटैग–आधारित वार्षिक पास की शुरूआत करेगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि विशेष फास्टटैग पास से देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और किफ़ायती यात्रा संभव हो सकेगी।

———बाइट———

श्री गडकरी ने कहा कि यह पास गैर–व्यावसायिक छोटे निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए तैयार किया गया है। इसमें कभी–कभी हाईवे का इस्तेमाल करने वाले लोगों को दूरी के हिसाब से भुगतान की सुविधा होगी। यानि आप जितना चलेंगे, उतने ही पैसे देने होंगे।

———बाइट———

केंद्रीय परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन विभाग इस विशेष फास्टटैग पास की सुविधा प्राप्त करने के लिए एक समर्पित लिंक जल्द ही राजमार्ग यात्रा ऐप के साथ–साथ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क, परिवहन तथा राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध करायेगा

---

ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इक्कीस जून को विश्वभर में मनाया जाएगा। आकाशवाणी समाचार आपके लिए प्राचीन भारतीय परम्परा से लेकर वैश्विक आंदोलन तक योग के विकास पर एक विशेष फीचर लेकर आया है।

———रिपोर्ट———

योग का इतिहास भारत की प्राचीन सभ्यता में गहराई से निहित है। यह सिंधु–सरस्वती घाटी संस्कृति के आरंभ में एक आध्यात्मिक अभ्यास के रूप में शुरू हुआ और धीरे–धीरे आत्म–साक्षात्कार की दिशा में एक अनुशासित मार्ग के रूप में विकसित हुआ। कई वर्षों तक, विद्वानों का मानना था कि योग की उत्पत्ति बौद्ध धर्म के उदय के दौरान लगभग 500 ईसा पूर्व हुई थी। हालाँकि, सिंधु–सरस्वती घाटी सभ्यता से प्राप्त पुरातात्विक खोजों से पता चलता है कि योग बहुत पुराना है। समय के साथ, यह अभ्यास एक समृद्ध अनुशासन के रूप में विकसित हुआ। यह वेदों, उपनिषदों और बाद में पतंजलि के योग सूत्रों में प्रवाहित हुआ। महाभारत के योग के गहरे संदर्भों से लेकर स्वामी विवेकानंद और बी.के.एस. अयंगर जैसे महान गुरुओं द्वारा 19वीं और 20वीं सदी के पुनरुद्धार तक – योग एक प्राचीन परंपरा से एक सार्वभौमिक अनुशासन में बदल गया। वर्ष 2014 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में प्रस्तावित किया था। इस प्रस्ताव को भारी समर्थन के साथ अपनाया गया। तब से, दुनियाभर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस सप्ताह हम 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मना रहे हैं। इस वर्ष की थीम ष्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगष जो एकता और कल्याण का संदेश देती है। योग किसी भी व्यक्ति को धर्म, जाति या राष्ट्रीयता के भेदभाव के बिना योग उसे स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन जीने का मार्ग प्रदान करता है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जया भारती।

———————————————————————

राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में इक्कीस जून को ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग संगम का आयोजन किया जाएगा। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक मयंक वड़वड़े ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर इस दिन स्कूल खुले रखने के निर्देश दिये हैं। निर्देश में कहा गया है कि योग संगम का आयोजन सुबह साढ़े छह बजे से पौने आठ बजे तक किया जाएगा। जिसमें शिक्षकों और छात्र–छात्राओं का भाग लेना आवश्यक रूप से सुनिश्चित किया जाए।

———————————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंर्तगत एक लाख तैंतालीस हजार गांवों के तेरह करोड़ चार लाख किसानों को सीधे तौर पर जोड़ा गया है। श्री चौहान ने नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित कृषि क्षेत्र और समृद्ध किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण का हिस्सा है। श्री चौहान ने कहा कि अभियान का प्राथमिक उद्देश्य भूमि और प्रयोगशालाओं के बीच की दूरी को खत्म करना है।

———बाइट———

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीस जून को सीवान के जसौली में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये जा

रहे हैं। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा जांच बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के साथ लगातार तैयारियों की समीक्षा की जा रही है।

———बाइट———

---

राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां ने कुलपतियों को विश्वविद्यालयों की समस्याओं के निदान के लिए कमिटी बनाने का निर्देश दिया है। राज्यपाल श्री खां ने आज राजभवन में कुलपतियों के साथ बैठक में कहा कि विभिन्न विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की आवश्यकताओं के संबंध में शीघ्र समेकित अधियाचना भेजें, ताकि आवश्यकता के अनुसार अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जा सके। बैठक में परीक्षा कैलेंडर का अनुपालन, छात्रों की उपस्थिति, छात्रावासों की समस्या समेत विश्वविद्यालयों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ समेत कई उच्च अधिकारी बैठक में मौजूद थे।

---

राज्य के पूर्वी भागों में दक्षिण–पश्चिम मानसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्णिया, किशनगंज, सुपौल, अररिया और आस–पास के क्षेत्रों में मध्यम से तेज बारिश दर्ज की गई है। इधर, पटना समेत दक्षिण बिहार के अधिकतर भागों में भी मौसम में परिवर्तन आया है। कई स्थानों पर पर तेज हवा के साथ बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में मानसून सक्रिय हो जाएगा। जिसके प्रभाव से मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पटना, औरंगाबाद, जहानाबाद और नालंदा जिले में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी भी जारी की है।

---

निगरानी विभाग की टीम ने रोहतास जिले के बिक्रमगंज प्रखंड में पदस्थापित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी– बीईओ सुधीर कांत शर्मा और लेखा सहायक सुभाष कुमार को एक शिक्षक से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बीईओ छिहत्तर सौ रूपये और लेखा सहायक सात हजार रूपये रिश्वत ले रहा था। गोटपा

आदर्श मध्य विद्यालय के शिक्षक की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। इधर, निगरानी ने शिवहर में भी कार्रवाई की है। निगरानी अधिकारियों ने जिला भू–अर्जन कार्यालय के एक लिपिक विजय कुमार श्रीवास्तव को सत्तर हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। निगरानी के डीएसपी सुजीत कुमार सागर ने बताया कि आरोपी रेल परियोजना से संबंधित जमीन अधिग्रहण के मुआवजे के भुगतान के लिए जिले के ब्रह्मनटोली के रहने वाले पप्पू कुमार तिवारी से रिश्वत ले रहा था।

---

मैथिली साहित्यकार नेहा झा मणि समेत देशभर के तेईस साहित्कारों को इस वर्ष का साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। साहित्य अकादमी ने विज्ञप्ति जारी कर यह घोषणा की है। नेहा झा मणि को उनकी कविता संग्रह **बनारस आ हम** के लिए ये पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं, साहित्य अकादमी बाल पुरस्कार श्रेणी में मैथिली के लिए मुन्नी कामत को उनकी लघु कथा **चुक्का** के लिए पुरस्कार देने की घोषणा की गयी है।

---

राज्य के प्रथम उप मुख्यमंत्री बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिंह की आज जयंती है। इस अवसर पर विधान मंडल परिसर में आयोजित समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने बिहार विभूति की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आज बक्सर जिले में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद जवान सुनील कुमार सिंह के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वे और उनकी पार्टी शहीदों के परिजनों के साथ हमेशा खड़ी है।

---

समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी की अध्यक्षता में आज सुपौल में बाढ़ पूर्व तैयारी की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गयी। श्री सहनी ने अधिकारियों को बाढ़ राहत उपायों को समय पूर्व पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

---

रोहतास के सासाराम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के सदस्य बने भाजपा नेता सुशील कुमार चंद्रवंशी को सम्मानित किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प को स्पष्ट रूप से कहा–पाकिस्तान के साथ हाल में हुई सैन्य कार्रवाई को रोकने में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी।
02. केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने की घोषणा– पंद्रह अगस्त से तीन हजार रुपये में एक साल के लिए मिलेगा फास्टटैग–आधारित वार्षिक पास। निजी गाड़ियां दो सौ बार टोल क्रॉस कर सकेंगी।
03. निगरानी की बड़ी कार्रवाई – रोहतास में बिक्रमगंज के बीईओ और लेखा सहायक तथा शिवहर में जिला भू–अर्जन विभाग का लिपिक रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार।
04. और, प्रदेश के कई इलाकों में मानसून का प्रभाव। मौसम विभाग का पूर्वानुमान आज पश्चिम चंपारण, पटना, जहानाबाद, औरंगाबाद और नालंदा जिले में कई स्थानों पर होगी बारिश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।